देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 30.08.2024

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड और उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के बीच समझौता ज्ञापन हुआ।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिवसीय प्रस्तावित दौरे पर कल उत्तराखण्ड पहुंचेंगे।
- प्राकृतिक जल स्रोतों और नदियों के संरक्षण के लिए बेहतर प्रभावी कार्य योजना बनाकर शासन को भेजने के निर्देश।
- अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कम और लंबे समय की नीतियों पर काम करने पर जोर दिया।
- मुख्मयंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–– टिहरी जिले के कांगुड़ा क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

.............

**समझौता ज्ञापन**

जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड और उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में समझौता ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज विश्व में सबसे ज्यादा जैविक खेती भारत में होती है। भारत ब्रांड के नाम से जैविक उत्पाद बाजार में लाए गए हैं। श्री शाह ने उत्तराखंड के किसानों से आग्रह किया कि वो अपने खेत को शुद्ध रख उसे जैविक बनाए। साथ ही किसानों को भी इसका महत्व समझाएं। उन्होंने उत्तराखंड को पूरी तरह से जैविक प्रदेश बनाने का लक्ष्य तय करने की बात कही।

## उपराश्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने दो दिवसीय प्रस्तावित दौरे पर कल उत्तराखण्ड पहुंचेंगे। इस दौरान वे देहरादून और ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उपराष्ट्रपति कल वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून का दौरा करेंगे और वहां के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। श्री धनखड़ पहली सितंबर को देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून का दौरा भी करेंगे। उपराष्ट्रपति का पहली सितंबर को ही एम्स ऋषिकेश का दौरा भी प्रस्तावित है, जिस दौरान वे संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे।

## महिला सुरक्षा

प्रदेश में महिला सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था, रेणुका देवी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। पुलिस प्रवक्ता और पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने समिति का गठन करने के साथ ही महिला अपराध को रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने को कहा है। उन्होंने बताया कि समिति निरंतरता से अध्ययन करेगी और इस पर पुलिस महानिदेशक को रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस, महिलाओं के साथ अपराध करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए काम करेगी। विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने महिला अपराध रोकने के लिए समिति के गठन को सराहनीय पहल बताया है।

## केदारनाथ यात्रा सुचारू

केदारनाथ पैदल यात्रा एक बार फिर से सुचारू हो गई है। सोनप्रयाग से बड़ी संख्या में भक्त पैदल, घोड़े–खच्चरों और डंडी–कंडी के माध्यम से धाम पहुंच रहे हैं। 31 जुलाई की रात अतिवृष्टि से ध्वस्त पैदल मार्ग को कड़ी मेहनत के बाद 26 दिनों में पुनः सुचारू किया गया। मार्ग सुधरने के बाद दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान फिर से खोल दिए हैं, और सुरक्षा व चिकित्सा सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने कहा कि

पैदल यात्रा मार्ग पर आवाजाही जारी है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिये धाम सहित पूरे पैदल यात्रा मार्ग पर सुरक्षा जवान, डॉक्टर और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। यात्रियों का पंजीकरण करके उन्हे यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। उधर, यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरकाशी जिले में जानकीचट्टी के समीप अभी भी बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए अवरूद्ध है। इस मार्ग को सुचारू करने के प्रयास जारी हैं।

**बैठक 01**

अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने अधिकारियों को प्राकृतिक जल स्रोतों, नौलों–धारो और नदियों के संरक्षण तथा उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए बेहतर एवं प्रभावी कार्य योजनाएं बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। श्री बर्द्धन ने सचिवालय में आयोजित स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण– सारा उत्तराखण्ड की 11वी जिला एवं अर्न्तविभागीय समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कम और लंबे समय की नीतियों पर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा संबंधित क्षेत्र के अत्यधिक महत्वपूर्ण, जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखते हुए काम किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि चिन्हित किए गए जल स्रोतों और नदियों का भू–जल विज्ञान अध्ययन करवा कर उसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को जिलों के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए अमृत सरोवर का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सारा से संबंधित कार्य योजनाओं में किसी तरह की दिक्कत आने पर तुरंत शासन में संबंधित विभाग को अवगत करवाया जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी सहयोग से जल संरक्षण के कार्य को करें।

**बैठक 02**

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सारा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जियो – टैगिंग अनिवार्य रूप की जाए। उन्होंने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भू–जल रिचार्ज के दृष्टिगत प्रस्तावित कार्यों को तेज़ी से अमल में लाया जाए। वर्षा आधारित सहायक नदियों और धाराओं के उपचार के लिए श्री बर्द्धन ने वैज्ञानिक विधि अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा ग्रामीण

क्षेत्रों में स्थित जल स्रोतों का सतत् रूप से अनुरक्षण, सामुदायिक सहभागिता से सुनिश्चित किया जाए।

## एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के एक उपाय के रूप में, सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के लिए इन उपायों को महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

## श्री कांगुड़ा नागराज मंदिर पुनर्स्थापना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी में आज श्री कांगुड़ा नागराज मंदिर पुनर्स्थापना जागरण समारोह में हिस्सा लिया। कांगुड़ा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा का जिक्र करते हुए श्री धामी ने कहा कि इस दिशा में हम तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कांगुड़ा क्षेत्र के विकास को ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आधुनिक सुविधायुक्त गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। साथ ही यहां पर 30 हजार लीटर क्षमता का वाटर स्टोरेज टैंक भी स्थापित किया जाएगा।

## पेरिस पैरालिम्पिक

पेरिस पैरालिम्पिक में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। निशानेबाजी में भारत ने दो पदकों पर कब्जा किया। अवनी लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एसएच–1 में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 249 दशमलव 7 का स्कोर किया। इस स्पर्धा का कांस्य मोना अग्रवाल को मिला। उन्होंने 228 दशमलव 7 अंक अर्जित किए। अवनी ने अपना ही पैरालंपिक रिकार्ड तोडा है। टोक्यो पैरालंपिक में 249 दशमलव छह के अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## हॉफ मैराथन

चमोली जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत 31 कल 14 किलोमीटर की हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने सभी संबंधित विभागों को हॉफ मैराथन दौड़ के सफल आयोजन के लिए पूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। नशा मुक्ति अभियान के तहत सुबह 7 से 9 बजे तक गोपेश्वर–घिघराण मोटर मार्ग पर 14 किलोमीटर मैराथन दौड़ आयोजित किया जा रहा है। मैराथन दौड़ में जिले के अधिकारी, कर्मचारियों सहित 150 से अधिक नागरिक पंजीकरण कर चुके है। इसमें शामिल होने के लिए 13 से 62 साल तक के कोई भी नागरिक रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

## नंदा–सुनंदा महोत्सव

नैनीताल जिला मुख्यालय में मां नंदा सुनंदा महोत्सव आगामी 10 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन मेले की तैयारियों में जुटा हुआ है। महोत्सव में इस बार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक साक्षरता व जागरूकता स्टॉल लगाएगा। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को आवश्यक उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। प्राधिकरण की सचिव सिविल न्यायाधीश बीनू गुलयानी ने बताया कि मेले के दौरान हर दिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक प्राधिकरण के स्टॉल में कानूनी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही हंस कल्चरल सेंटर महोत्सव के दौरान चिकित्सा शिविर का भी आयोजन करेगा।

## दून पुस्तकालय देहरादून

दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र ने हाल ही में एक बाल पुस्तकालय प्रभाग और वाचनालय की शुरुआत की है, जो विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के लिए है। इस केंद्र में हिंदी, अंग्रेजी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, गुर्जरी, जौनसारी और अन्य क्षेत्रीय बोलियों सहित विभिन्न भाषाओं में पुस्तकों का एक समृद्ध और विविध संग्रह है। मात्र 100 रुपये की वार्षिक सदस्यता शुल्क और 500 रुपये की धरोहर सुरक्षा जमा राशि के साथ, बच्चे एक समय में दो किताबें इश्यू कर सकते हैं और पढ़ने के लिए वाचनालय का उपयोग कर सकते हैं। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र एक डिजिटल लाइब्रेरी और बच्चों के एक लघु संग्रहालय के साथ अपनी भागीदारी का भी विस्तार कर रहा है।